मोहित और मनल ने पाकिस्तान के जबड़े से छीनी जीत

टीम इंडिया ने 19 एशिया कप का खिताब किया अपने नाम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से हुआ। इस मैच में टीम इंडिया ने आखिरी गेंद पर 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 337 रन बनाने में कामयाब रही। पाकिस्तान की तरफ से इस मैच में उस्मान खान ने 107 रनों की पारी खेली। वहीं दो बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया। टीम इंडिया ने इस टारगेट को आखिर गेंद पर एक विकेट रहते हासिल किया। भारत ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 339 रन बनाए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत इस मैच में अच्छी रही। पहले विकेट के लिए उस्मान खान और हयम खान के बीच 67 रनों की साझेदारी हुई। पाकिस्तान की तरफ से ओपनर उस्मान खान ने



शानदार 107 रन (शतक) बनाए, जबकि अब्दुल कादिर (80 रन) और कप्तान फरहान युसूफ (63 रन) ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं। एक समय ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान आसानी से 400 के करीब पहुंच जाएगा, लेकिन आखिरी ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार विकेट झटके और उन्हें बड़े स्कोर से रोक दिया। पाक टीम के लिए हयम खान ने 21, अहमद हुसैन ने 17, निकाब शफीक ने 11, हम्जा जहूर ने 10 और मोहम्मद सयम ने 7 रन जोड़े। भारत की ओर से काव्य पटेल सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 4 विकेट लिए, वहीं वेंकट ने 3 और अर्जुन राजपूत ने 1 विकेट अपने नाम किया। रन चेज में टीम इंडिया को अच्छी शुरुआत मिली। पहले विकेट के लिए आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के बीच 95 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि दोनों ने काफी धीमी बल्लेबाजी की। आर्यवीर सहवाग 58 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। वहीं कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। वह 100 गेंदों में 80 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा बाकी के भारतीय बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। अंत के ओवरों में मनल चौहान ने तेज गति से रन बनाए। उन्होंने मोहित उल्वा के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी की और टीम इंडिया को मैच में वापस लाया। 252 रन के स्कोर पर आठवां विकेट गिरने के बाद मोहित उल्वा और मनल चौहान ने समझदारी के साथ बल्लेबाजी की।

9वें विकेट के लिए दोनों के बीच 35 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन 48वें ओवर में मनल चौहान 47 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद मोहित उल्वा ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। मोहित ने आखिर विकेट के लिए चिगुरुपति वेंकट के साथ मिलकर 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली और टीम को 1 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। मोहित ने 26 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से नाबाद 49 रन बनाए।

किवी के खिलाफ अंतिम वनडे आज

श्रेयस अय्यर की टीम चाहेगी 3-1 से शृंखला पर कब्जा जमाना

माउंट माउंगानुई (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड की वनडे सीरीज रोमांचक मोड पर है. चार मैचों के बाद टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे है. रविवार को आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा, जो सीरीज का परिणाम तय करेगा. या तो टीम इंडिया सीरीज 3-1 से जीतेगी या फिर न्यूजीलैंड 2-2 से ड्रॉ करवाने में सफल रहेगा. चौथा वनडे मुकाबला याद हो तो न्यूजीलैंड ने स्कोरबोर्ड पर 333 रन लगा दिए थे. जवाब में भारतीय टीम महज 89 रनों पर सिमट गई और 244 रनों के विशालकाय अंतर से मैच हार गई. यह वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया की रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी हार रही. अब पांचवां मुकाबला भी माउंट माउंगानुई के उसी मैदान पर खेला जाना है. श्रेयस अय्यर एक बार फिर टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे होंगे, क्योंकि शुभमन गिल टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुटे हैं. ऋतुराज गायकवाड़ एक बार फिर ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं. आक्रामक सलामी बल्लेबाज विल यंग ने



कहा है कि न्यूजीलैंड पांचवें और अंतिम वनडे में भारत के खिलाफ अपनी पिछली शानदार जीत की लय बरकरार रखते हुए सीरीज बराबर करने की कोशिश करेगा. यंग ने मैच के बाद कहा, ''यह भारत के खिलाफ हमारी सबसे एकतरफा जीत में से एक थी और भारतीय टीम की सबसे बड़ी हार में से भी एक थी. आप कभी इस तरह के रिकॉर्ड बनाने के इरादे से मैदान पर नहीं उतरते, लेकिन बाद में इस पर गौर करना अच्छा लगता है. मैच विजयी शतक लगाने वाले यंग ने कहा कि परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना इस बड़ी जीत की कुंजी रहा. उन्होंने कहा, ''एकदिवसीय प्रारूप में हमारी पूरी क्रिकेट शैली परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने पर आधारित है. मैंने अपनी पारी की शुरुआत में ऐसा करने में सफलता हासिल की. जाहिर है किस्मत ने भी हमारा थोड़ा साथ दिया लेकिन हमने अच्छी नींव रखी. यंग ने कहा, ''हमने महसूस किया कि ऑकलैंड और वेलिंगटन में खेले गए शुरुआती दो एकदिवसीय की तुलना में यहां की पिच थोड़ी बेहतर थी और हमने ऐसा स्कोर खड़ा किया जिसे हम प्रतिस्पर्धी मानते थे.'' न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 89 रन पर सिमट गई थी. यंग को आकिब नबी के दूसरे ओवर में लगातार दो गेंद पर जीवनदान मिला था. न्यूजीलैंड अंतिम वनडे में कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरना होगा क्योंकि वे आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए रवाना होंगे.

लक्ष्य सेन खिताब से एक कदम दूर

कुमामोतो (एजेंसी)। लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500



बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शनिवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर 10 अलवी फरहान को कड़े संघर्ष के बाद तीन गेमों में 21-12, 15-21, 21-11 से शिकस्त दी। यह लगातार दूसरा मौका है जब लक्ष्य किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। इस खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के साथ ही उन्होंने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स (हांगकांग) के लिए क्वालिफाई करने की अपनी उम्मीदों को बेहद मजबूत कर लिया है। मुकाबले की शुरुआत से ही लक्ष्य ने अपनी रणनीतिक कुशलता का बेहतरीन परिचय दिया। फरहान के तेज और आक्रामक खेल के आगे लक्ष्य ने संयम दिखाते हुए धैर्यपूर्ण रैलियां बनाईं और सही मौके का इंतजार किया। सटीक रिटर्न और फोरहैंड पर सटीक वार करते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआत से ही बढ़त बना ली और आसानी से 21-12 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। इससे पहले लक्ष्य अपने दोनों मुकाबलों में फरहान से एक भी गेम नहीं जीत पाए थे।

सूर्यकुमार का तूफान, 15 गेंदों पर जड़ा अर्धशतक, मुंबई जीता

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय टी20 टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दमदार बल्लेबाजी की। हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता में खेले गए इस मुकाबले में सूर्यकुमार ने महज 15 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा।

मुंबई ने यह मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 172 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 13.1 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत को अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने 21 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 60 रन बनाए। सूर्यकुमार ने इस दौरान 15 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मुशीर खान के साथ मिलकर 23 गेंदों पर 65 रनों की साझेदारी की। सरफराज खान के भाई मुशीर ने भी अर्धशतक लगाया।



सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

मुशीर 24 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजय देव गौड़ ने पवेलियन की राह दिखाई। मुशीर ने इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तमोर के साथ दूसरे विकेट के लिए 26 गेंदों पर 49 रनों की साझेदारी की। दो बार टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे शिवम दुबे ने 14वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर मुंबई को जीत दिलाई। शिवम पांच गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 13 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 27 और हार्दिक ने 22 रन बनाए। हैदराबाद के लिए अजय ने दो विकेट लिए, जबकि प्रणव वर्मा को एक विकेट मिला।

वैभव सूर्यवंशी ने संभाली बिहार की कमान

इंदौर (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में बिहार की टीम की कप्तानी संभालकर पुरुषों के टी20 क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र के कप्तान बनने का गौरव हासिल किया है। शनिवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम में सौराष्ट्र के खिलाफ एलीट ग्रुप बी के मुकाबले में 15 वर्षीय वैभव ने टॉस के लिए उतरकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। इसके साथ ही वह दुनिया के सबसे युवा टी20 कप्तान बन गए हैं।इस मामले में वैभव ने कई युवा कप्तानों को पीछे छोड़ दिया है। इस सूची में अब क्रोएशिया के जैक वुकुसिक दूसरे स्थान पर आ गए हैं, जिन्होंने सात अगस्त 2025 को 17 वर्ष और 311 दिन की उम्र में साइप्रस के खिलाफ अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी।

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

बिहार अंडर-23 महिला टीम को केरल के खिलाफ मिली हार

पटना (खेप्र)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला अंडर-23 टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में शनिवार को बिहार अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम को केरल के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रायपुर के आरडीसीए ग्राउंड में यह मुकाबला खेला गया।



बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.4 ओवर में 65 रन बनाया। बल्लेबाजी में याशिता ने 28 रन और तेजस्वी ने 15 रन बनाया। केरला की गेंदबाजी में नित्या आर.को 3 विकेट, अनुष्का को 2 तथा नित्या एन और निजला को 1-1 विकेट मिला। केरला ने 10.3 ओवर में 4 विकेट पर 68 रन बनाकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। बल्लेबाजी में अमीरा और जोशीथा ने 19-19 रन तथा अनन्या ने 14 रन बनाकर मुख्य योगदान दिया। बिहार की गेंदबाजी में आर्या सेठ ने 2 विकेट और प्रिया ने 1 विकेट चटकाया। बिहार की टीम इस मुकाबले में अपेक्षित स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। वहीं, केरल की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नियंत्रित बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

बंगाल अंडर-16 टीम ने पहले दिन बनाये 373 रन

पटना (खेप्र)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में बिहार अंडर-16 टीम के खिलाफ बंगाल की टीम ने पहले दिन 90 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 373 रन बना लिए। वडोदरा के रिलायंस क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को शुरू हुए तीन दिवसीय मुकाबले का पहला दिन का खेल आज समाप्त हुआ। पहले दिन बंगाल ने 373 रन बनाया। बल्लेबाजी में निरुपम ने 124 रन और राहील ने 136 रन बनाकर शतकीय पारी खेली। रमनदीप ने 45 और ऐसान ने 37 रन बनाया। बिहार की गेंदबाजी में मो. समीर ने 3 विकेट और अयान तथा सूरज को 1-1 विकेट मिला। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल की टीम के 5 विकेट शेष थे। अब मुकाबले के दूसरे दिन बिहार के गेंदबाजों की कोशिश बंगाल की पारी को जल्द समेटने की होगी, ताकि टीम को पहली पारी में बल्लेबाजी के लिए बेहतर अवसर मिल सके।

सौराष्ट्र के खिलाफ बिहार को मिली हार

पटना (खेप्र)। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में शनिवार को बिहार क्रिकेट टीम को सौराष्ट्र के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। जवाब में सौराष्ट्र की टीम ने 16.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 138 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। बिहार की ओर से बल्लेबाजी वैभव सूर्यवंशी 18 रन, अल्तामिश 24 रन, राघवेंद्र 14 और पृथ्वीराज ने 38 रन बनाया। बिहार का कूल स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन। सौराष्ट्र की गेंदबाजी में चेतन और प्रेरक को 3-3 विकेट तथा जयदेव और करेंस को 1-1 विकेट मिला। सौराष्ट्र की बल्लेबाजी में 16.3 ओवर में 5 विकेट पर 138 रन बनाकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। बल्लेबाजी में हरवांश ने 33 रन, जडेजा 18 रन तथा हर्विक, रुचित और सिद्धांत ने 21-21 रन बनाया। बिहार के गेंदबाजी में सूरज कश्यप 4 ओवर 39 रन 3 विकेट तथा हिमांशु और मयंक को 1-1 विकेट मिला। टीम के पास टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों में वापसी करने का अवसर है। टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों के लिए अगले मैच में बेहतर रणनीति और सामूहिक प्रदर्शन के साथ मैदान पर उतरना महत्वपूर्ण होगा।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी



मोहित उलवा को मिला बड़ा इनाम, सौराष्ट्र टीम में शामिल

पटना। अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से हराकर शानदार तरीके से खिताब अपने नाम किया। इस मैच के असली हीरो मोहित उलवा रहे, जिन्होंने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस बेहतरीन प्रदर्शन का उन्हें बड़ा इनाम मिला है। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें सीनियर क्रिकेट की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। अब वह जारी सैयद मुश्ताक ट्रॉफी में सौराष्ट्र की टीम के साथ नजर आएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने युवा बल्लेबाज मोहित उलवाकी जमकर सराहना करते हुए कहा कि दबाव के समय उन्होंने जिस हिम्मत और सूझबूझ से बल्लेबाजी की, वह वाकई काबिले तारीफ थी। उनके इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल करने का फैसला किया है। जयदेव शाह ने यह भी बताया कि उन्हें तुरंत इंदौर पहुंचने के लिए कह दिया गया है, जहां सौराष्ट्र की टीम पहले से ही खेल रही है और वह जल्द ही टीम के साथ जुड़ जाएंगे। जयदेव शाह ने आगे बताया कि मोहित बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और वे राजकोट के पास सुरेंद्रनगर के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। हालांकि फिलहाल वे राजकोट में ही रहते हैं। उन्होंने कहा कि सौराष्ट्र क्रिकेट हमेशा से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश करता है और उन्हें पूरा विश्वास है कि मोहित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की टीम के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित होंगे। रिपोर्ट के अनुसार अगर सब कुछ ठीक रहा और योजना के मुताबिक काम हुआ तो मोहित उलवा हरियाणा के खिलाफ होने वाले सौराष्ट्र के अगले मैच में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे। आपको बता दें कि आज यानी 14 नवंबर को ही जयदेव उनादकट की कप्तानी में सौराष्ट्र की टीम ने रुपए-बी के अपने मुकाबले में शानदार जीत हासिल की है, जिसमें उन्होंने वैभव सूर्यवंशी की कप्तानी वाली बिहार की टीम को 5 विकेट से हरा दिया।



अस्मिता रोड साइकलिंग लीग (पूर्व क्षेत्र) में भाग लेने के लिए बिहार टीम संबलपुर रवाना

पटना। दिनांक 16 एवं 17 नवंबर 2026 तक उड़ीसा साइकलिंग एसोसिएशन द्वारा संबलपुर में आयोजित की जाने वाली अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइकलिंग लीग (पूर्वी क्षेत्र) में भाग लेने के लिए राज्य के महिला रोड साइकिलिस्टों के नामों की घोषणा कर दी गई है। इस



बात की जानकारी देते हुए साइकलिंग एसोसिएशन आफ बिहार के सचिव डॉ कौशल किशोर सिंह ने बतलाया कि चयनित साइकिलिस्ट आज ही संभलपुर के लिए रवाना हो गया। चयनित महिला साइकिलिस्टों का नाम इस प्रकार है -**सब जूनियर आयु वर्ग** रुचि कुमारी, सुप्रिया कुमारी, राधा कुमारी, पूजा कुमारी, रजनी कुमारी, अंजली कुमारी, साक्षी शर्मा अंजली कुमारी एवं सुप्रिया कुमारी।

जूनियर आयु वर्ग- रागिनी कुमार, मनीषा खातून, सृष्टि कुमारी, आशा कुमारी, चांदनी कुमारी, एवं सृष्टि कुमारी। **सीनियर आयु वर्ग** - प्रियांशु कुमारी, राजनंदनी सिंह, गुड़िया कुमारी, अनुष्का कुमारी, एवं सुहानी। आशीष कुमार (प्रशिक्षक), कंचन कुमारी (प्रशिक्षक), प्रमोद कुमार (मैनेजर), राजीव रंजन (टेक्नीशियन)।

बिहार स्टेट गेम्स को यादगार बनाने की तैयारी

पटना और राजगीर के नोडल अधिकारियों के साथ बीओए अध्यक्ष अजय कुमार ने की बैठक

पटना (खेप्र)। बिहार में पहली बार आयोजित होने जा रहे बिहार स्टेट गेम्स को यादगार और सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। अगले महीने होने वाले इन खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन और उनकी सहूलियत को ध्यान में रखते हुए भोजन, आवासन, परिवहन, चिकित्सा सुविधा से लेकर खेल स्थलों पर जरूरी आधारभूत संरचनाओं को दुरुस्त रखने की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को बिहार ओलंपिक संघ और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से पटना के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी आनंदी कुमार और राजगीर के नोडल अधिकारी मिथिलेश कुमार के साथ विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार के पहले स्टेट गेम्स में शामिल होने वाले खिलाड़ियों, तकनीकी अधिकारियों और आयोजन से जुड़े अन्य लोगों के लिए बेहतर और सुविधाजनक माहौल तैयार करना रहा। इस दौरान अलग-अलग जिम्मेदारियों और व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तय करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। अजय कुमार ने कहा कि किसी भी बड़े खेल आयोजन की सफलता केवल मुकाबलों के बेहतर संचालन तक सीमित नहीं होती, बल्कि खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं भी उसकी गुणवत्ता तय करती हैं। इसी सोच के साथ खिलाड़ियों के रहने, खाने और एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। खेल स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं और आधारभूत संरचना को दुरुस्त रखने के साथ चिकित्सा सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया।